Export of human skeletons

17. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of COMMERCE be pleased *to* state:

(a) whether Government are aware cf the flourishing trade being carried out in the country in the expart of human skeletons, human skulls and selected pieces of bones; and

(b) if so, what steps Government propose to take to check the above practice?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRi P.A. SANGMA): (a) and (b) Export of Human skeletons and parts thereof is allowed by the Port Licensing Authorities on production of certificates from (i) Police Authorities not below the rank of the Officer-in-charge of the Police Station concerned regarding the source of procurement which should also indicate to the quantity by weight or by number and (ii) foreign buyer that human skeletons are required for biological and medical purposes only-

हिन्दी सलाहकार समिति

18. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वाणिज्य मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार समिति गठित की गई है और यदि हां, तो क्या हाल में इसकी कोई बठक हुई है और यदि नहीं, तो इसके कब तक होने की संभावना है ;

(ख) क्या राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यगण अपने कार्यालय के दैनिक कार्य में हिन्दी भाषा का प्रयोग करते हैं और यदि नहां, तो सरकार हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा उसका प्रचार किस तरीके से करने का विचार रखती है ; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं कि कम से कम हिन्दी सप्ताह के दौरान सभी सातों दिन हिन्दी में कार्य किया जाये; साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के लिए क्या व्यवस्था की गयी है कि अधिसूचित कार्यालयों तथा अन्य कई अनुभागों में सारा कार्य हिन्दी में किया जाये ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पो० ए० संगमा) : (क) जी, हां। समिति की अगली बैठक 26 अगस्त, 1985 को होगी ।

(ख) जी हां, अधिकतम संभव सीमा तक ।

(ग) अब तक मंत्रालय में कोई हिन्दी सप्ताह नहीं मनाया गया है ।

हिन्दी सलाहकार समिति का गठन

19. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **इस्पात, खान और कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार समिति का गठन हो गया है और यदि हां, तो क्या इस वर्ष उसकी कोई बैठक बुलाई गयी है ;

(ख) क्या यह सच है कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यगण अपने व्यवहार में न तो हिन्दी लिखते हैं, न पढ़ते हैं और न ही बोलते हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि मंत्रालय में सारा कार्य केवल अंग्रेजी में किया जा रहा है यहां तक कि निविदायें भी केवल अंग्रेजी भाषा में ही आमंत्रित की जाती है ; और

(घ) यदि हां, तो उनके मंत्रालय में हिन्दी भाषा में कार्य करने को बढ़ावा देने के लिये क्या कदम उठाये जा रहें हैं ?

इस्पात विभाग में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) जी, हां ; मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति का अभी हाल में पुनर्गठन किया गया है । इस समिति की पहली बैठक के शीघ्र होने की संभावना है ।

(ख) जी, नहीं ।